आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक :24.07.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री ने बताया ऐतिहासिक दिन।
- नई सहकारिता नीति–2025 का अनावरण, सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा विकसित भारत के लक्ष्य को करेगी पूरा।
- मुख्यमंत्री ने भोपाल के अचारपुरा में 400 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, मौसम विभाग ने 10 जिलों में जारी किया आरेंज अलर्ट।

**प्रधानमंत्री-लंदन**

भारत और ब्रिटेन ने आज मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे व्यापार और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्रिटेन की साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **ब्रिटेन के चेकर्स** में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद कहा कि आज का दिन भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन की साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न और आभूषण, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर व्यापार पहुंच मिलेगी।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि यह समझौता यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद से ब्रिटेन का सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व और व्यावहारिकता के लिए धन्यवाद देते हुए, श्री स्टारमर ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को अत्यधिक लाभ होगा।

**सहकारिता नीति - शाह**

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 जारी की। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि यह नीति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि नई नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्र बिंदु लोग, गाँव, कृषि, गाँव की महिलाएँ, दलित, आदिवासी हों।

**लोकसभा-राज्यसभा स्थगित**

विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा को पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

हालांकि, राज्यसभा में कुछ सूचीबद्ध कार्य हुए, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही, जिसके कारण सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 2 बजे और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

**टूरिज्म कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का 26 जुलाई को शुभारंभ करेंगे।

मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ाने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

**सी.टी. स्कैन मशीन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में अत्याधुनिक तकनीकी से युक्त सी.टी. स्कैन मशीन तथा एम.आर.आई. मशीन का कल लोकार्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह सुविधा प्रदेश के समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सर्वप्रथम भोपाल में प्रारंभ की गई है। इन आधुनिकतम मशीनों से आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत आने वाले मरीजों को निःशुल्क सी.टी. स्कैन एवं एम.आर.आई. जाँच की सुविधा प्रदान की जाएगी।

भोपाल अचारपुरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित "उद्योगपति से संवाद" एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में उद्योग समूहों को भूमि आवंटन के आशय पत्र प्रदान किए । उन्होंने इस अवसर पर 400 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 5 औद्योगिक इकाइयो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र के टेक्सटाइल इकाई का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अचारपुरा क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर में पुलिस चौकी प्रारंभ करने और जिसमें महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती करने की घोषणा की।

वन निगम कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खनन गतिविधियों और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बने राख के पहाड़ों पर वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार कर मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम ने वन सम्पदा को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री आज राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास करना बड़ी उपलब्धि है। वन विकास निगम इस उपलब्धि के लिए बधाई का पात्र है। उन्होंने बताया कि

राज्य सरकार वनों और वन उपज के साथ वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में भी हरसंभव प्रयास कर रही है।

नशामुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान केवल अभियान नहीं, मादक पदार्थों की लत से युवाओं को बचाने की दिशा में समाज और पुलिस की सहभागिता का सशक्त प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के तहत आज भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक सभी जिलों में संचालित किया जा रहा है।

**मौसम**

प्रदेश में अगले चार दिन अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राजगढ़, जबलपुर, बालाघाट सहित 10 जिलों के लिए अति भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पूरे प्रदेश में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 26 और 27 जुलाई को कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच कल पिछले 24 घंटों में गुना, राजगढ़, नर्मदापुरम में अति भारी बारिश हुई। गुना जिले के मकसूदनगढ़ में 5 दशमलव 8 इंच बारिश दर्ज की गई। अशोकनगर के मुंगावली के कई गॉवों में बाढ़ जैसे हालात है। विदिशा में भी सभी नदी नाले उफान पर है। भोपाल, इन्दौर और रायसेन में भी आज सुबह से बारिश हो रही है।

**समाचार संक्षेप में** .....

- राजगढ़ कलेक्टर ने कल ग्राम खाजला, मंडाखेड़ा एवं किलखेड़ा का भ्रमण कर किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत खेती, पशुपालन एवं उद्यानिकी गतिविधियों का निरीक्षण किया।
- झाबुआ ज़िले में कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने हेतु राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं।

- सीहोर में आज अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की 201वीं पुण्यतिथि पर शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीद कुंवर चैन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।
- खंडवा में कृषि विशेषज्ञ डॉ. सौरव गुप्ता ने किसानों को सलाह दी है कि सोयाबीन, मक्का और कपास फसलों में कृषि रसायन शोध द्वारा अनुशंसित कीटनाशक, का उपयोग ही करें।
- देवास जिले के कन्नौद विकासखंड के सभी सरपंचों एवं अन्य संबंधितों को पंचायत राज व्यवस्था और पंचायत सशक्तिकरण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।
- कटनी में उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध परिवहन पर कठोर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने अवैध रूप से उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध बरही पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है
- नीमच कलेक्टर द्वारा नगर पालिका नीमच और मनासा में स्लम एरिया के नागरिकों को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए नाली निर्माण एवं सी.सी.रोड़ निर्माण के लिए एक करोड़ 66 लाख 76 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।
- आज हरियाली अमावस्या है। प्रदेश के शिवमंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है।
- भारत और इंग्लैण्ड के बीच मैनचेस्टर में खेले जा रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी 358 रनों पर समाप्त हो गयी है। मैच का आज दूसरा दिन है।